हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 कलेक्टर ने प्रोत्साहन राशि के चेक दिए, विद्यार्थियों...



12 13 माह से जमीनों पर ताला, बाईपास का इंतजार...






## खबर संक्षेप

### रंगोली में साकार हुई भगवान की दिव्य छवि



**कांकेर।** जगन्नाथ संस्कृति और आस्था के पावन पर्व के अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्वामी, जो इन दिनों अपने मौसी घर में विराजमान हैं, उनकी भव्य रंगोली बनाकर श्रद्धालुओं ने अपनी भक्ति अर्पित की। रंगोली में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मनोहारी आकृति उकेरी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। आकर्षक रंगों और कलात्मक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर दिया। दर्शनार्थियों ने रंगोली की सराहना करते हुए भगवान से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### आईटीआई बालक छात्रावास में किया गया पौधारोपण



**कांकेर।** माँ के नाम एक पेड़ अभियान के तहत शासकीय आईटीआई बालक छात्रावास कांकेर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रावास अधीक्षक, प्रशिक्षणार्थियों और कर्मचारियों ने परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।

### योग आयोग अध्यक्ष ने दिलाई, नशामुक्ति की शपथ



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बस्तर प्रवास के दौरान विशेष विद्यालय कोदाभाट एवं गोविंदपुर स्थित कल्याणी नशामुक्ति केंद्र का भ्रमण किया। विशेष विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों ने उनका स्वागत कर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। योग आयोग के अध्यक्ष ने योग को स्वस्थ जीवन और नशामुक्त समाज का प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी को नियमित योग करने तथा नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ली।

### 31 जुलाई तक किसान करा सकेंगे फसल बीमा

**कांकेर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने किसानों से बैंक, समिति अथवा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से समय पर बीमा कराने की अपील की है। उप संचालक ने बताया कि अल नीनो और कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए फसल सुरक्षा के लिए बीमा जरूरी है। योजना का लाभ ऋणी व अऋणी दोनों किसानों को मिलेगा, जिसमें मात्र दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।

### 4.50 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** गोंडाहूर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम पीवी16 कल्याणपुर निवासी 21 वर्षीय बापी चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर के आंगन-परछी में दबिश देकर उसके कब्जे से 4.50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 120 रुपये बताई गई। साथ ही बिक्री से प्राप्त 540 रुपये भी जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1), 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बारिश का मजबूत दौर शुरू होने के संकेत, खेतों को मिलेगी संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में मानसून की रफ्तार अब तक उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है। 21 जुलाई की सुबह शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश ने लोगों को राहत तो दी, लेकिन खेती-किसानी के लिए यह वर्षा अभी पर्याप्त नहीं मानी जा रही है। धान की रोपाई और अन्य खरीफ फसलों के लिए किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 21 से 24 जुलाई के बीच जिले में अच्छी बारिश के साथ गरज-चमक की प्रबल संभावना है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

- मौसम विभाग ने 24 जुलाई तक मध्यम वर्षा और गरज-चमक की जताई संभावना

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी और आसपास बने मौसम तंत्र के प्रभाव से कांकेर जिले में 21 से 24 जुलाई तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। कई स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ वर्षा हो सकती है। लगातार बारिश होने से खेतों में पानी की उपलब्धता बढ़ने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 25 और 26 जुलाई को भी जिले में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। हालांकि इन दिनों बीच-बीच में बादल छंटने और धूप निकलने की संभावना भी बनी रहेगी। इससे खेतों में जलभराव की स्थिति नियंत्रित रहेगी और किसान कृषि कार्य आसानी से कर सकेंगे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 27 और 28 जुलाई को भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। यानी फिलहाल जिले में मौसम पूरी तरह साफ होने के संकेत नहीं हैं। बादलों की आवाजाही और बीच-बीच में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना है।

### किसानों को उर्वरक और कीटनाशक छिड़काव टालने की सलाह दी



#### किसानों के लिए जरूरी सलाह

*केवीके के वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दिया है कि 21 से 24 जुलाई के बीच संभावित अच्छी बारिश को देखते हुए धान की रोपाई और बुवाई का कार्य प्राथमिकता से पूरा करें। जिन खेतों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है, वहां अतिरिक्त पानी निकालने की व्यवस्था रखें ताकि फसल को नुकसान न हो। रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव तेज बारिश के दौरान न करें। बारिश रुकने के बाद ही कृषि कार्य करें।*

### 11 से 2 बजे तक शटडाउन का किया गया था ऐलान, नहीं लौटी 2 बजे तक बिजली


# घोषित समय पर भी नहीं लौटी बिजली विभागीय लापरवाही से उपभोक्ता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखने की पूर्व सूचना समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से जारी की गई थी, ताकि उपभोक्ता अपने आवश्यक कार्य उसी के अनुरूप व्यवस्थित कर सकें। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी पूरे शहर में बिजली बहाल नहीं हो सकी। विभाग द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में अलग-अलग समय बताकर बिजली चालू होने की सूचना दी जाती रही, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग रही। इससे आम उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिली और विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने 132/33 केवी उपकेंद्र कांकेर में क्षतिग्रस्त मेन बस के प्रतिस्थापन कार्य के लिए 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखने की सार्वजनिक सूचना जारी की थी। यह सूचना समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर तथा अन्य माध्यमों से भी उपभोक्ताओं तक पहुंचाई गई थी। विभाग का दावा था कि निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं ने विभाग की सूचना पर भरोसा करते हुए अपने दैनिक कार्य उसी के अनुरूप निर्धारित किए। व

यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों का संचालन सीमित रखा, घरेलू उपभोक्ताओं ने आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लिए, जबकि कई कार्यालयों और छोटे उद्योगों ने भी बिजली बंद रहने के समय के अनुसार अपनी कार्य योजना बनाई। ⏭ शेष पेज 10 पर

- सिविल लाइन फीडर को 4 बजे चालू करने का दावा जेई ने किया, दावा फेल



#### शहरवासियों ने रखी माँग

शहरवासियों ने मांग की है कि भविष्य में किसी भी प्रस्तावित शटडाउन के दौरान कार्य की वास्तविक प्रगति और बिजली बहाली का सही समय नियमित रूप से सार्वजनिक किया जाए। साथ ही यदि किसी कारणवश विलंब होता है तो उसका स्पष्ट कारण बताते हुए उपभोक्ताओं को समय पर अवगत कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### उपभोक्ताओं का भरोसा होता है कमजोर


*स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि तकनीकी कारणों से कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हो पा रहा था तो विभाग को समय रहते स्पष्ट और पारदर्शी सूचना जारी करनी चाहिए थी। बार-बार अलग-अलग समय बताने और उसके बाद भी बिजली बहाल नहीं होने से उपभोक्ताओं का भरोसा कमजोर हुआ है। लोगों का यह भी कहना है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने और सही सूचना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।*

#### जवाबदेही तय करने की है जरूरत

*उपभोक्ताओं के बीच यह चर्चा भी रही कि इस तरह की लापरवाही के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से जवाबदेही का अभाव बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि इसी का लाभ उठाकर कुछ अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य करते हैं, जिसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय-सीमा का पालन नहीं होता और गलत या अधूरी जानकारी दी जाती है तो उसकी समीक्षा कर जवाबदेही तय की जानी चाहिए।*

# ब्रेहबेड़ा क्षेत्र से पांच किलो का प्रेशर कुकर आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम ब्रेहबेड़ा के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान लगभग पांच किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया गया, जिसे बीडीएस टीम ने सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। समय रहते विस्फोटक मिलने से सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के लिए संभावित खतरा टल गया।

जानकारी के अनुसार जिले के नक्सल प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार संयुक्त सर्चिंग एवं नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार 21 जुलाई को थाना छोटेबेठिया क्षेत्र के ग्राम ब्रेहबेड़ा के जंगल-पहाड़ी इलाके में जिला पुलिस बल, बीएसएफ तथा बीडीएस टीम द्वारा संयुक्त रूप से सर्चिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम को संदिग्ध स्थान पर लगभग 5 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी मिला। विस्फोटक की सूचना मिलते ही बीडीएस टीम ने क्षेत्र को सुरक्षित घेराबंदी में लेकर सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए और आईईडी को सावधानीपूर्वक डिफ्यूज कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस अभियान का नेतृत्व एसी बीएसएफ सतेंद्र मोहन, उप निरीक्षक कुलवंत सिंह तथा उप निरीक्षक रोशन लाल मीणा, बीएसएफ बीडीएस टीम कमांडर ने किया। संयुक्त टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से किसी भी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना नहीं हुई।

#### लगातार चलाया जा रहा संयुक्त अभियान

*कांकेर पुलिस ने बताया कि नक्सल प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में जिला पुलिस, बीएसएफ एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सघन सर्चिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।*

# शामतरा में आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र हो गए जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

तहसील सरोना के ग्राम शामतरा में जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी भवन और स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। बरसात के मौसम में दोनों भवनों की स्थिति और अधिक खराब हो गई है, जिससे मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं और मरीजों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन भवनों की मरम्मत या नए भवनों का निर्माण नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

शामतरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा, पोषण और अन्य गतिविधियों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन जिस भवन में यह केंद्र संचालित हो रहा है उसकी दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। छत भी काफी कमजोर हो गई है और बरसात के दौरान पानी टपकने के साथ प्लास्टर गिरने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अभिभावक भय के माहौल में बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने को मजबूर हैं। इसी तरह गांव का स्वास्थ्य केंद्र भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। भवन की खराब स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। मरीजों और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिक उपचार के लिए भी दूसरे गांवों अथवा दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानियां बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य केंद्र का भवन सुरक्षित और व्यवस्थित हो जाए तो आसपास के कई गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

- मासूम बच्चों गर्भवती महिलाओं और मरीजों में भय व्याप्त






#### कई बार दिया गया आवेदन, पर सुनवाई नहीं

*ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा कई बार संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर आंगनबाड़ी भवन एवं स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर स्थिति से अवगत कराया जा चुका है। नए भवन के निर्माण अथवा तत्काल मरम्मत की मांग भी की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर दोनों भवनों के निर्माण या मरम्मत की मांग की है।*

# धान बोने के दौरान विवाद, चचेरे भाई ने मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

खेत में धान की बुआई के दौरान शुरू हुआ पारिवारिक भूमि विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि चचेरे भाई ने पहले अश्लील गाली-गलौज की और फिर बांस के डंडे से हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं, भविष्य में खेत में काम करने पर ट्रैक्टर से कुचलने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत के आधार पर दुर्गूकोंदल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोदापाखा निवासी 36 वर्षीय लखन लाल सिन्हा दुर्गूकोंदल थाना में लिखित शिकायत देते हुए पुलिस को बताया कि 7 जुलाई को वह अपनी पत्नी पुष्पा सिन्हा के साथ अपने खेत में धान की बुआई कर रहा था। इसी दौरान उसका चचेरा भाई तिहारू राम सिन्हा वहां पहुंचा और खेत में धान बोने की बात को लेकर विवाद करने लगा। शिकायत के अनुसार विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कथित रूप से अश्लील गाली-गलौज करते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से हमला कर दिया, जिससे लखन लाल सिन्हा के बाएं कंधे के पीछे चोट आई। इस दौरान उनकी पत्नी पुष्पा सिन्हा ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने भविष्य में खेत में धान बोने पर ट्रैक्टर से कुचलने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना का प्रत्यक्षदर्शी गांव का तरुण सिन्हा बताया गया है, जबकि घटना के बाद इसकी जानकारी ⏭ शेष पेज 10 पर



- दुर्गूकोंदल पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में दर्ज की एफआईआर

#### विवेचना की जा रही: थाना प्रभारी

*थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे ने बताया कि प्रार्थी की शिकायत के आधार पर आरोपी तिहारू राम सिन्हा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296, 115 (2) एवं 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जांच में प्राप्त साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

### 25 जुलाई से शुरू होगा चातुर्मास, पूजा-पाठ का बढ़ेगा महत्व

# गुरु अस्त और भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने के साथ मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अंचल में पिछले एक माह से गूंज रही शहनाइयां अब चार महीने के लिए खामोश हो जाएंगी। विवाह समारोहों की रौनक थमने के साथ ही धार्मिक आस्था और साधना का विशेष पर्व चातुर्मास 25 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। गुरु अस्त होने और देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने की मान्यता के कारण अब 20 नवंबर तक विवाह, सगाई, गृह प्रवेश सहित सभी प्रमुख मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। इसके साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, कथा, भजन-कीर्तन और सत्संग जैसे धार्मिक आयोजनों की रौनक बढ़ जाएगी।

वैदिक पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से चातुर्मास का शुभारंभ माना जाता है। इस वर्ष चातुर्मास 25 जुलाई से प्रारंभ होकर चार माह तक चलेगा। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं और देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं। इसी कारण इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन, सगाई और अन्य शुभ मांगलिक संस्कारों का आयोजन नहीं किया जाता।

पंडितों के अनुसार चातुर्मास आत्मचिंतन, संयम और आध्यात्मिक साधना का विशेष काल माना जाता है। इस दौरान जप, तप, व्रत, दान और भगवान की आराधना का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु सात्विक भोजन, नियमित पूजा-पाठ और धार्मिक नियमों का पालन करते हुए आध्यात्मिक उन्नति का प्रयास करते हैं। मंदिरों में श्रीमद्भागवत कथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, सत्संग और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी बड़े उत्साह के साथ किया जाता है।




#### देवउठनी के बाद शादियों का दौर

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ भगवान विष्णु के जागरण के बाद पुनः शुभ मुहूर्त प्रारंभ होंगे। इसके बाद नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह समारोहों का नया सीजन शुरू होगा और बाजारों में फिर से रौनक लौटने की उम्मीद है। फिलहाल चातुर्मास के चलते धार्मिक आयोजनों की प्रधानता रहेगी और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों पर पूर्ण विराम रहेगा।

# शिक्षक ने बच्चों को कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में मंगलवार को शिक्षक युधिष्ठिर ने जन्मदिन पर विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। उन्होंने विद्यालय के बच्चों को अपने हाथों से खीर-पूड़ी परोसकर भोजन कराया और सेवा, स्नेह तथा संस्कार का संदेश दिया। शिक्षक की इस आत्मीय पहल से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और विद्यालय परिसर खुशियों से सराबोर हो उठा। न्योता भोज में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने के साथ बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षक ने कहा कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशी का अवसर नहीं, बल्कि समाज और बच्चों के साथ खुशियां साझा करने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के साथ समय बिताना और उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन कराना उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पवन कुमार नेताम ने शिक्षक की इस पहल की ⏭ शेष पेज 10 पर

- सेवा और संस्कार का दिया संदेश

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना पटल पर उपलब्ध करा दी गई है। विभाग द्वारा दावा–आपत्ति के निराकरण के बाद पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा 15 एवं 1:10 वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी की गई है। इसके साथ ही लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं कंप्यूटर कौशल दक्षता परीक्षा की तिथि और समय भी घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी जिला कोंडागांव की आधिकारिक वेबसाइट तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर मेरिट सूची, परीक्षा कार्यक्रम एवं अन्य आवश्यक जानकारी का अवलोकन कर सकते हैं।

### फुकागिरोला हाईस्कूल में छात्राओं को मिली साइकिलें



**कोण्डागांव।** राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल फुकागिरोला में छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने से छात्रओं में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष हीरालाल मरकाम, ग्राम पंचायत फुकागिरोला के सरपंच अमीर लाल मरकाम, पालकगण एवं एसएमडीसी सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार देवांगन ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए बेहद लाभकारी है। इससे विद्यालय आने–जाने की कठिनाइयाँ कम होंगी और बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा को जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया। कार्यक्रम में शिक्षक दाऊसिंह दीवान, झिटकूराम मरकाम, दिनेश कुमार ध्रुव एवं संकुल के सीएससी संतुराम वटी सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

# गौरगांव की सड़क जर्जर, स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं

**लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी, विभाग से जल्द कार्य प्रारंभ कराने ग्रामीणों ने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल





गनर से सटे हुए ग्राम गौरगांव की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बावजूद ठेकेदार की उदासीनता के चलते अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दिनों में इनमें पानी भर जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों, किसानों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद जल्द काम शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि ठेकेदार को तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो ग्रामीण जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## समय-सीमा की बैठक में योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

# पुनर्वासित परिवारों को योजनाओं का दिलाएं लाभ, रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का कराएं गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए जिले में रोड सेफ्टी टास्क फोर्स के गठन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। पुनर्वासित परिवारों के सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सर्वे समय–सीमा में पूरा कर सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में निर्माण कार्योंर् में लगे सभी श्रमिकों का श्रम पंजीयन सुनिश्चित करने, डायरिया रोकथाम के लिए जनजागरूकता बढ़ाने तथा सभी शासकीय विद्यालयों में वन विभाग से पौधे लेकर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए। ऑनलाइन उपस्थिति और कार्यालयीन अनुशासन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने विभागों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली शीघ्र लागू करने तथा सभी अधिकारियों–कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचकर अनुशासन का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### *जनदर्शन में वनाधिकार पट्टा, शिक्षक खेल मैदान की मांग, समस्याएं भी बताई*

*कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम करण्डी के रैसिंह मण्डावी ने वनाधिकार पट्टा, ग्राम खण्डसरा के रामकरू सलाम ने प्राथमिक शाला में शिक्षक की नियुक्ति तथा ग्राम कुम्हारपारा के युवाओं ने खेल मैदान की मांग रखी। ग्राम गुमड़ी मुंडापारा के ग्रामीणों ने नए आंगनबाड़ी भवन, ग्राम बेलगांव नयापारा के हरिराम नाग ने शाला भवन की मरम्मत एवं बाउंड्रीवाल निर्माण तथा ग्राम निचिपारा कोलंगा के कुमार सिंह मरकाम ने निचिपारा–मड़कड़ा मार्ग पर नदी में पुल निर्माण की मांग की। इसके अलावा राजस्व प्रकरण, वनाधिकार पट्टा, सीसी सड़क निर्माण सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिनके शीघ्र निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।*

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लंबित आवास जल्द पूरा कराएं

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने सोमवार को जनपद पंचायत कोण्डागांव में पंचायत सचिवों एवं अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित आवासों का शीघ्र निराकरण कर समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रथम किस्त भुगतान से लंबित सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने तथा हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आत्मसमर्पित नक्सल प्रभावित परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिवों को हितग्राहियों से नियमित संपर्क बनाए रखने, निर्माण कार्य की सतत निगरानी करने और सभी स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया, जिला समन्वयक मानव विश्वास, आवास समन्वयक तिलक शंकर सिन्हा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी को समन्वित रूप से कार्य कर योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए।



## पेड़ से गिरने से बुजुर्ग की मौत

**इमली की डाल काटते समय हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

माकड़ी ब्लाक के ग्राम कोसाहरदुली में मंगलवार को ईमली के पेड़ की डाल काटने के दौरान एक बुजुर्ग की पेड़ से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम कोसाहरदुली निवासी 60 वर्षीय साधु राम नेताम ईमली के पेड़ पर चढ़कर उसकी डाल काट रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नीचे कंक्रीट सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आईं।

परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर फरसगांव थाना पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मामले को माकड़ी थाना क्षेत्र से संबंधित होने के कारण आवश्यक कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में दी गई कानूनी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विधानसभा क्षेत्र के विश्रामपुरी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने छात्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम निषेध, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, साइबर सुरक्षा तथा महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को /"गुड टच-बैड टच/", सुरक्षित एवं असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान, किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती संध्या ध्रुव, अधिकार मित्र-लैला मरकाम, एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आपातकालीन सहायता सेवाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी एवं सजग रहने का संदेश दिया गया। विशेषज्ञों ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

## क्षमतापुर स्कूल में किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्षमतापुर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।



कार्यक्रम के दौरान नीम, पपीता, कटहल, अमरूद, करंज और आम सहित कई फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पारिका यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधारोपण के साथ–साथ पौधों की नियमित देखभाल करने और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया।

**पेड़–पौधों के महत्व से कराया अवगत** – शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरण, वर्षा, जैव विविधता और मानव जीवन में महत्व की जानकारी दी। साथ ही सभी से अपने घर और आसपास भी पौधे लगाने तथा दूसरों को प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने परिसर में लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और हरित समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया गया।

## बैलगांव-आलोर मार्ग पर ईधन से भरा टैंकर खेत में पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- फायर ब्रिगेड की सतर्कता से बड़ा हादसा टला

थाना क्षेत्र के बैलगांव-आलोर मार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे डीजल और पेट्रोल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में चालक और परिचालक सुरक्षित रहे तथा कोई जनहानि नहीं हुई।



जानकारी के अनुसार, टैंकर ईंधन लेकर बेनूर की ओर जा रही थी। बैलगांव और आलोर के बीच अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे टैंकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। टैंकर में डीजल और पेट्रोल दोनों होने के कारण मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रही।

### राहत व बचाव कार्य से बड़ा हादसा टला

घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करते हुए स्थिति को नियंत्रण में रखा। इसके बाद क्रेन की सहायता से खेत में पलटी टैंकर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के दौरान आगजनी, विस्फोट या ईंधन रिसाव जैसी कोई बड़ी घटना नहीं हुई। समय पर किए गए राहत एवं बचाव कार्य से एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## 2 लाख से अधिक की ठगी, रायपुर से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश के नाम पर दो लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया ने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने अपने व्यवसाय में निवेश कराने के नाम पर अधिक लाभ का प्रलोभन दिया और विभिन्न ऑनलाइन ट्रांजेक्शनों के माध्यम से उससे कुल 2 लाख 18 रुपए लिए। तय समय बीतने के बाद जब प्रार्थिया ने अपनी राशि वापस मांगी तो आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया तथा अपने निवास से फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना भानुप्रतापपुर में 17 जुलाई को धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।



घटना के बाद आरोपी अपना ठिकाना बदलकर छिपकर रह रहा था।

पुलिस टीम ने रायपुर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। आरोपी ने 39 वर्षीय प्रीतेश कुमार मोटघरे पिता रमेश कुमार मोटघरे निवासी हाउसिंग बोर्ड, भिलाई, जिला दुर्ग, वर्तमान पता अटल आवास रोड, आमानाका, रायपुर ने निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक शिवचरण मरकाम, आरक्षक राकेश मरकाम, टोमन साहू एवं अजय मंडावी की सराहनीय भूमिका रही।

## पेज 09 के शेष...

### *घोषित समय पर ...*

*लेकिन दोपहर 2 बजे का समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश क्षेत्रों में बिजली नहीं आई। इस बीच विभाग के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश जारी कर बताया गया कि शहर की बिजली ढाई बजे तक चालू कर दी जाएगी, जबकि गोविंदपुर एवं सिविल लाइन फीडर को शाम 4 बजे तक चालू करने की जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं ने इन सूचनाओं के आधार पर कुछ और इंतजार किया, लेकिन निर्धारित समय पर भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। सिविल लाइन फीडर में बिजली लगभग साढ़े चार बजे के बाद शुरू हो पाई। इससे कई इलाकों के लोग निर्धारित समय से कहीं अधिक देर तक बिजली कटौती झेलने को मजबूर रहे।*

### *खेत में धान बोने क...*

*अयनू ध्रुव को भी दी गई। घटना के बाद प्रार्थी ने थाना पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन के आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।*

### *शिक्षक ने बच्चो...*

*सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों को भी मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुखराम कुंजाम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेशदास मानिकपुरी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।*

## एनएच ने 2 माह पूर्व फारेस्ट को दिया 17.60 करोड़ पर नहीं मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- स्वीकृति नहीं मिलने के चलते ठेका के बाद भी 6 पुल, सड़क का चौड़ीकरण शुरू नहीं

बस्तर जिले को सुकमा जिले से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 सड़क 170 किमी में से 6.01 किलोमीटर की सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के नक्शे में होने के चलते इसका मजबूती एवं चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग ने कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान को पत्र भेजा, इस पर उद्यान ने राष्ट्रीय राजमार्ग को डिमांडनोट दिया। इस पर राष्ट्रीय राजमार्ग ने उद्यान को दो माह पूर्व ही 17 करोड़ रुपए एवं लगभग एक सप्ताह पूर्व 60 लाख रुपए यानि 17.60 करोड़ रुपए भुगतान किया गया। इसके बाद भी अब तक इस सड़क के मजबूती, चौड़ीकरण एवं 9 पुल निर्माण कार्य टेंडर होने बाद भी उद्यान की ओर



से स्वीकृति नहीं होने के चलते ठेकेदार के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग का अनुबंध नहीं पा रहा है और निर्माण कार्य की शुरूआत भी नहीं हो सका। साथ ही इसमें ऐसे पुल बनेंगे जिनके नीचे से वन्य प्राणी सहित हाथी भी आराम से आना-जाना कर सकें। बताया जा रहा है कि इसी सड़क के किनारे प्रभावित लगभग 250 पेड़ों को भी कटाई करना प्रस्तावित है।

**मार्ग में लोगों को रही परेशानी :** बताया जा रहा है कि इस सड़क की सिंगल होने के साथ जर्जर होने के चलते लोगों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही मार्ग में बारिश से फिसलन हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सेजेस दुधावा में 32 बालिकाओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

- सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के सपनों को मिली नई रफ्तार

बेटियों की शिक्षा को नई उड़ान देने की दिशा में शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना एक बार फिर उम्मीदों की सवारी बनकर सामने आई। शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दुधावा में आयोजित गरिमामयी समारोह में कक्षा 9 वीं की 32 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। जनप्रतिनिधियों, पालकों और




शिक्षकों की उपस्थिति में हुए इस आयोजन में शिक्षा के महत्व और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का संदेश भी दिया गया। शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दुधावा में शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दुधावा के सरपंच आकाश नेताम मुख्य अतिथि, अध्यक्षता प्राचार्य गोवर्धन रामटेके और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच निरंजन गंजीर, बीके मरकाम, कर्ण कुमार साहू, गायत्री राय, ग्राम पंचायत के पंचगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। अभिभावकों ने भी शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

प्राचार्य गोवर्धन रामटेके ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। इससे दूर-दराज़ के गांवों से विद्यालय आने वाली बालिकाओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी, उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह भी दोगुना होगा। उन्होंने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नेगीगुड़ा की शशिरेखा बनी लखपति दीदी



**जगदलपुर।** नेगीगुड़ा गांव की शशिरेखा सेठिया ने 2017 में बिहान के अंतर्गत संचालित जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वावलंबन यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने ग्राम संगठन से 60 हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर मक्के की खेती शुरू की, जिसने उनके भीतर उद्यमिता की एक नई उम्मीद जगाई। पारंपरिक फसलों से आगे बढ़ते हुए कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और बिहान से मिली सीख के बल पर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया। बेहतर आय की संभावना को देखते हुए उन्होंने खीरा और टमाटर जैसी नकदी एवं उन्नत सब्जियों का उत्पादन शुरू किया। उनकी दिन-रात की कड़ी मेहनत और सही समय पर लिए गए निर्णयों का परिणाम यह रहा कि फसल उत्पादन में लगातार वृद्धि होती गई और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती चली गई। आज इस उन्नत खेती के दम पर सालाना 5 लाख से 8 लाख रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं।

### अब बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा



**बीजापुर।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बीजापुर द्वारा विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत बेलनार में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इंद्रावती नदी के समीप स्थित यह गांव ग्राम पंचायत मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। लंबे समय तक विद्यालय भवन के अभाव में यहां के बच्चों को कच्ची पाठशाला एवं अस्थायी शेड के नीचे पढ़ाई करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।
शिक्षा विभाग (डीपीआई) के अंतर्गत नवीन प्राथमिक शाला भवन, बेलनार (भैरमगढ़) की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

## गांव की खुशहाली के लिए सरहद पार छोड़े जाते हैं क्लेश

### मददेड में आस्था का महापर्व, पीढ़ियों से चली आ रही गम्पा जातरा की अनूठी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बस्तर अंचल के बीजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मददेड़ में पारंपरिक आस्था, लोक संस्कृति और अनूठी विरासत का प्रतीक गम्पा जातरा (गाम देवी जातरा) पर्व श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदियों पुरानी इस धार्मिक परंपरा को लेकर बुजुर्गों और ग्रामीणों में आज भी अटूट विश्वास और अगाध श्रद्धा है।

- वर्षा ऋतु से पूर्व आयोजन और सर्वधर्म समभाव की मिसाल
- पीढ़ियों पुरानी परंपरा जनसहयोग से भव्य आयोजन

यह ऐतिहासिक पर्व हर वर्ष वर्षा ऋतु के आगमन से कुछ दिन पहले आयोजित किया जाता है ताकि आने वाली खेती-किसानी का सीजन बेहतर रहे। इस महापर्व की सबसे खूबसूरत विशेषता यह है कि इसमें किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता। गांव के सभी जाति और धर्मों के लोग पूरी आस्था के साथ माता के पूजन में बढ़-चढ़कर शामिल होते हैं और अपनी सहभागिता निभाते हैं।

55 वर्षीय ग्रामीण किस्तेया मोरला ने इस परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए



बताया कि यह गम्पा जातरा हमारे जन्म से भी पहले, हमारे पूर्वजों के समय से यानी कई पीढ़ियों से इसी तरह निरंतर मनाई जा रही है। महापर्व के सफल संचालन के लिए किसी बाहरी या सरकारी मदद के बजाय, गांव के हर एक घर से आपसी सामंजस्य के साथ चंदा (स्वैच्छिक दान) इकट्ठा किया जाता है। यह सामूहिक सहभागिता ग्रामीण स्तर पर आज भी एकता को दर्शाती है।

#### तेलुगु संस्कृति में मारेयम्मा माता के रूप में पूजनीय

भव्य जातरा में मुख्य रूप से ग्राम देवी की आराधना की जाती है। स्थानीय भाषा और तेलुगु प्रभाव वाले इस सीमावर्ती क्षेत्र में इन्हें मारेयम्मा माता के नाम से जाना और बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता है। गांव के पारंपरिक ग्राम देवी पुजारी, जिन्हें स्थानीय व्यवस्था में पेरमा (पेरमेहया) कहा जाता है, उनके द्वारा विधि-विधान, पारंपरिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ माता की पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाती है। हर वर्ष इस अवसर पर माता की पूजा धूमधाम से की जाती है।

#### सुख-शांति, समृद्धि और रोग-दोष से मुक्ति

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली विशेष पूजा के पीछे ग्रामीणों की गहरी आध्यात्मिक और लोक कल्याणकारी सोच छिपी हुई है। माता मारेयम्मा की आराधना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्राम के समस्त ग्रामीणों, छोटे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की रक्षा हो। पालतू पशुओं, मवेशियों और जानवरों में किसी भी प्रकार की महामारी या बीमारी न फैले।खेतों और खलिहानों की सुरक्षा हो ताकि फसल की पैदावार अच्छी हो। गांव में किसी प्रकार का कोई रोग, विकार, संकट या प्राकृतिक आपदा न आए। क्षेत्र में खुशहाली, सुख-शांति बनी रहे और कृषि कार्य के लिए बरसात पूर्ण रूप से और समय पर हो।

#### क्लेश और कचरा बाहर करने की अनूठी रस्म

इस पर्व की सबसे अनूठी और ऐतिहासिक विशेषता यह है कि ग्रामीणों की मान्यता के अनुसार, घर-परिवार की हर परेशानी, बीमारी, आपसी कलह और नकारात्मक ऊर्जा को भौतिक रूप से घर से बाहर निकाला जाता है। इस पूजा में घर-घर से प्रत्येक व्यक्ति की यही सोच होती है कि उनके जीवन की हर मुसीबत दूर हो जाए। स्थानीय स्तर पर और तेलुगु भाषा में इस क्लेश या संकट को पीड़ा या गतर कहा जाता है। इस पीड़ा को दूर करने के लिए प्रत्येक परिवार अपने घर से फटा हुआ टोकना (बांस की पुरानी टोकरी) पुरानी रस्सी, टूटा या घिसा हुआ झाड़ू (चटा झाड़ू), छोटा सा बांस नुमा टुकड़ा और उस पर बंधा कपड़े का झंडा इन सभी सामग्रियों को अपने-अपने घर के क्लेश, पीड़ा और दरिद्रता का प्रतीक मानकर ग्रामीण बड़ी आस्था के साथ अपने घरों से ले जाकर मंदिर प्रांगण में एक निश्चित स्थान पर लाकर रखते हैं।

#### बाजे-गाजे के साथ सरहद पर विसर्जन और समापन

पूजा के अंतिम और मुख्य चरण में मंदिर समिति के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा एकत्रित सामान (प्रतीकात्मक कचरे और क्लेश) को एक जगह जमा किया जाता है। इसके बाद पारंपरिक बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और वाद्य यंत्रों की थाप पर भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-पाठ आरंभ किया जाता है। इस पूरे प्रतीकात्मक क्लेश और कचरे को जुलूस की शक्ल में गांव की सरहद पर ले जाया जाता है। सरहद पर दो बांस गाड़कर और आम के पत्तों का सुंदर तोरण बनाकर एक द्वार तैयार किया जाता है। इसके बाद पूरे विधि-विधान के साथ गांव-गांव के क्लेश (पीड़ा/गतर) और कचरे को सरहद के पार (बाहर) छोड़ दिया जाता है और इसी के साथ पूजा का समापन होता है। ग्रामीणों का दृढ़ विश्वास है कि इस रस्म के बाद गांव की सीमा के भीतर कोई भी बीमारी, बुरी शक्ति या संकट प्रवेश नहीं कर पाता और पूरा गांव साल भर खुशहाल और सुरक्षित रहता है।

## सरपंच के नेतृत्व में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा




चित्रकोट जलप्रपात परिसर में ग्राम पंचायत चित्रकोट के सरपंच भंवर मौर्य के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे नीट सहित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित की गई।

भूख हड़ताल के उपरांत राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार, लोहंडीगुड़ा को सौंपा गया।

- राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

ज्ञापन में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा, परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन का भी उल्लेख किया गया।

इस आंदोलन को भारतीय किसान यूनियन, (टिकैत) बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा, इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति, भीम आर्मी, सर्व आदिवासी समाज एवं आदिवासी युवा छात्र संगठन सहित अनेक सामाजिक एवं जन संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में कांकेर जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त कोंडागांव, नारायणपुर, बालोद, दरभा, तोकापाल, नगरनार, बकावंड एवं बस्तर ब्लॉक से बड़ी संख्या में युवा साथी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए। विभिन्न यूट्यूबर एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया। सरपंच भंवर मौर्य ने कहा कि देश के लाखों युवाओं का भविष्य सर्वोपरि है। यदि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो इसकी निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। हमारा आंदोलन विद्यार्थियों के भविष्य, पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था और संविधान प्रदत्त समान अवसर की रक्षा के लिए है। इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति के संभागीय अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा कि, शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताएं युवाओं के विश्वास को कमजोर कर रही हैं। सरकार को परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

भीम आर्मी के प्रतिनिधि सोहेल नाग ने कहा कि, संविधान प्रत्येक छात्र को समान अवसर और निष्पक्ष प्रतियोगिता का अधिकार देता है।

यदि परीक्षाएं निष्पक्ष नहीं होंगी तो मेहनती विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा। भीम आर्मी विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी है और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे सहित सभी मांगों का समर्थन करती है।

## छात्रों पर अत्याचार नहीं सहेगा देश

### दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने दिल्ली में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। दिल्ली में अपने अधिकारों की आवाज बुलंद कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किया गया बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। छात्रों की आवाज को डंडे के बल पर दबाने का हर प्रयास निंदनीय है।

इस अन्याय के विरोध में आज सुकमा में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने छात्रों के सम्मान, उनके अधिकारों और न्याय की लड़ाई में अपनी आवाज बुलंद करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष ऋषभ चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार छात्र विरोधी है। शिक्षा, रोजगार और हक की मांग करने वाले छात्रों पर लाठी चलवाना तानाशाही है। युवा कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निधन

### शरददेवी रथ

**जगदलपुर।** भगत सिंह वार्ड पथरागुड़ा निवासी शरददेवी रथ (90) पति स्वर्गीय वासुदेव रथ का आज सुबह 9 बजे निधन हो गया। तबियत बिगड़ने पर सुबह 6 बजे परिजन अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किए। उपचार के दौरान निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार दोपहर 1.30 बजे प्रवीर वार्ड के खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह श्याम सुंदर, बालमुकुंद, बृजमोहन और श्रीनिवास रथ की माता थी। वे आपने पीछे 4 पुत्र 2 पुत्री समेत नाती पोतों से भरा परिवार छोड़ गई।



## एकता फाउंडेशन ने 30 दिव्यांग बच्चों को आवश्यकता के अनुसार दिया सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

मंगलवार को एकता फाउंडेशन द्वारा इन्क्लुड परियोजना के तहत हैंडीकैप इंटरनेशनल के रणनीतिक सहयोग से केशापुर ग्राम पंचायत स्थित एकता कार्यालय में सहायक उपकरण एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 30 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, रोलैटर, ईवी ट्राइसाइकिल, शिक्षण-अधिगम सामग्री तथा अन्य अनुकूलित सहायक उपकरण वितरित किए गए। इन उपकरणों का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, गतिशीलता एवं दैनिक



जीवन में स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुचित्रा लेखरा, सामाजिक कल्याण अधिकारी रहीं। इस अवसर पर केशापुर के सरपंच नीलू कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पी. डी.हरीश तथा एकता फाउंडेशन के सचिव डॉ. जगन्नाथ मिश्रा सहित अभिभावक उपस्थित रहे। अतिथियों ने एकता फाउंडेशन एवं हैंडीकैप इंटरनेशनल के इस प्रयास की सराहना करते हुए दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास और शिक्षा के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

## बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार जरूरी: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुर्मी समाज ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती रविवार को हाटगुड़ा स्थित कुर्मी समाज के भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाई। शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ.

- कुर्मी समाज ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

खूबचंद बघेल के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ किया गया।

इस अवसर पर बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें कविता पाठ एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर समाज के मेघावी





छात्र-छात्राओं को समाज की ओर से प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष वर्मा एसडीएम एवं अध्यक्षता समाजसेवी योगेन्द्र कौशिक ने की।

कौशिक ने कहा कि वर्तमान में संगठन में ही शक्ति निहित है। बस्तर में कुर्मी समाज को अधिक मजबूत एवं संगठित करने पर बल देते हुए कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वतंत्रता सेनानी और सांसद के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और आजीवन समाज को संगठित एवं मजबूत करने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे स्कूली जीवन में ही अपना लक्ष्य बना लें और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अथक परिश्रम करें। पढ़ाई में अगर किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो समाज उसका समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। इस अवसर पर मनीष वर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छा संस्कार बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वीर छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे कुर्मी वंश के हैं, हम ऐसे महान योद्धा के वंशज हैं। हम संघर्ष करेंगे, लडेंगे और जीतेंगे भी। हम हार मानने वालों में से नहीं हैं। बस्तर में कुर्मी समाज को संगठित करने तथा मजबूत बनाने आह्वान किया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए काउंसिलिंग आज से

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 22 जुलाई से 05 अगस्त तक प्रयास आवासीय विद्यालय ईमलीपारा में किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विभागीय वेबसाइट पर काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गई है। विद्यार्थी उक्त निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेज के साथ काउंसिलिंग स्थल में उपस्थित हो सकते हैं।

### नरहरपुर में युवक कांग्रेस संगठन चुनाव की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार



**सरोना।** आगामी युवा कांग्रेस संगठन चुनाव को लेकर नरहरपुर में युवा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा साथियों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान तेज करने और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय, अनुशासित और पारदर्शी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेताओं ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी, एकजुटता और समर्पण से ही संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पहुंच बढ़ाने, गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में संगठन का विस्तार करने तथा नए नेतृत्व को आगे लाने के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान आगामी संगठन चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि युवा केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक सरोकारों, जनहित के मुद्दों और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए भी सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे संगठन की विश्वसनीयता और जनाधार दोनों मजबूत होंगे। **इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष टकेश सिन्हा सहित इमरान खान, तारस सिन्हा, यनवीक्रांत ध्रुवा, संतोष नेताम, लोकेश कुमार, महबूब खान, कावेंद्र दर्रो, समीर खान तथा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिपं सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम. भार्गव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सभी निर्माण एवं विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### निधन

### डॉ. बीएन राय



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं जनप्रिय चिकित्सक डॉ. बीएन राय का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही दुर्गूकोंदल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# कलेक्टर ने प्रोत्साहन राशि के चेक दिए, विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

क्षितिज अपार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

■ क्षितिज अपार योजना के तहत वितरण

जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की तथा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## दिव्यांग प्रतिभाओं को मिला सम्मान, मेहनत का मिला पुरस्कार

### इन्हें दिया गया चेक

*जिले में कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले यश कुमार को 5 हजार रुपए, सत्र 2025-26 की कक्षा 12 वीं परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली समरिका नेताम को 5 हजार रुपए तथा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दीपिका को 6 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के सांकेतिक चेक प्रदान किए गए।*



### दिव्यांगों को मिलता है छात्रवृत्ति का लाभ

उपसंचालक समाज कल्याण क्षमा शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कक्षा पहली से लेकर महाविद्यालय स्तर तक छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है। इसके अलावा क्षितिज अपार योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले विद्यार्थियों को एकमुश्त प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से शासन की इन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थी अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और प्रतिभा के बल पर समाज में नई पहचान बना रहे हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षितिज अपार योजना के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा अथवा चयनित अभ्यर्थियों को भी पात्रता के अनुसार एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## कंडेल, चारामा और जैसाकर्रा में मई 2025 से खरीदी-बिक्री व भूमि विभाजन पर रोक

# 13 माह से जमीनों पर 'ताला', बाईपास का इंतजार बना किसानों की सबसे बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रस्तावित बाईपास के लिए 13 महीने पहले लगाई गई भूमि खरीदी-बिक्री और विभाजन पर रोक अब किसानों और ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। कंडेल, चारामा और जैसाकर्रा क्षेत्र के भू-स्वामी अधिग्रहण की अनिश्चितता और प्रतिबंध के दोहरे संकट से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द भू-अर्जन नहीं कर सकता, तो लंबे समय से लागू प्रतिबंध हटाकर उन्हें राहत दी जाए।

राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रस्तावित बाईपास निर्माण को लेकर कंडेल, चारामा और जैसाकर्रा क्षेत्र में लागू भूमि खरीदी-बिक्री एवं भूमि विभाजन पर प्रतिबंध 7 मई 2025 को लगाया गया था। इस प्रतिबंध का उद्देश्य प्रस्तावित बाईपास के लिए भू-अर्जन प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा करना था, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतने लंबे समय के बाद भी प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकी है। इससे प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों के सामने आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता के पत्र के आधार पर जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों की जमीनों के क्रय-विक्रय और विभाजन पर रोक लगाई थी। प्रशासन का तर्क था कि प्रस्तावित बाईपास के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण के दौरान किसी प्रकार की कानूनी अथवा राजस्व संबंधी जटिलता उत्पन्न न हो।




### किसानों और छोटे भू-स्वामी परेशान

प्रतिबंध का सबसे अधिक असर किसानों और छोटे भू-स्वामियों पर पड़ रहा है। कई लोग पारिवारिक जरूरतों, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा, विवाह तथा कृषि निवेश के लिए जमीन बेचने या खरीदने की योजना बनाए हुए थे, लेकिन प्रतिबंध के कारण वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं कई परिवारों में भूमि विभाजन का कार्य भी अटका हुआ है, जिससे उत्तराधिकार और पारिवारिक बंटवारे से जुड़े मामलों में भी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

### किसान खेती में बड़े निवेश से भी बच रहे

इधर मानसून शुरू होने के साथ खरीफ सीजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिन किसानों की जमीन प्रस्तावित बाईपास की जद में आने की संभावना है, वे असमंजस की स्थिति में हैं। उन्हें यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी भूमि का अधिग्रहण कब होगा, मुआवजा कब मिलेगा और वे भविष्य की खेती अथवा अन्य निवेश की योजना किस आधार पर बनाएं। इस अनिश्चितता के कारण कई किसान खेती में बड़े निवेश से भी बच रहे हैं।

### प्रतिबंध हटाने पर विचार होना चाहिए

ग्रामीणों का कहना है कि यदि निकट भविष्य में भू-अर्जन प्रक्रिया पूरी होने की संभावना नहीं है, तो प्रशासन को लंबे समय से लागू प्रतिबंध हटाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उनका मानना है कि बिना ठोस प्रगति के वर्षों तक प्रतिबंध बनाए रखना आम नागरिकों के अधिकारों और आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है।

### भू-अर्जन प्रकिया में तेजी लाने किया मांग

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना से जुड़े अधिकारियों से मांग की है कि भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाकर प्रभावित किसानों को समयबद्ध मुआवजा, स्पष्ट जानकारी और निश्चित समय-सीमा उपलब्ध कराई जाए। यदि ऐसा संभव नहीं है तो भूमि खरीदी-बिक्री और विभाजन पर लगाए गए प्रतिबंध को तत्काल समाप्त किया जाए, ताकि लोग अपनी जरूरतों के अनुसार अपनी संपत्ति का उपयोग और लेन-देन कर सकें।

# 39 विद्यार्थियों की जांच, डाक्टरों ने बताए स्वस्थ रहने के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण और नियमित स्वास्थ्य जांच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माध्यमिक शाला तालाकुर्रा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार एवं उप स्वास्थ्य केंद्र तालाकुर्रा के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त समूह ब्लड ग्रुप परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही उनके रक्त समूह की भी जांच की गई।

■ माशा तालाकुर्रा में स्वास्थ्य एवं रक्त समूह परीक्षण शिविर

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तालाकुर्रा के सरपंच विनोद रावटे, विद्यालय के प्रधान अध्यापक रायसिंग मांझी, समस्त शिक्षकगण तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. राकेश सोनवानी के मार्गदर्शन में आरएचओ बिहारी लाल दनात, लैब टेक्नीशियन लिकेश्वर यदु, देवेंद्र सोनबोइर एवं एएनएम कांति नायक ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया।

शिविर के दौरान कुल 39 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त समूह परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की भी सलाह दी। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और भविष्य के लिए उपयोगी बताते हुए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

## शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक- पुष्प से हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

मुख्यमंत्री निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पीएमश्री शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय नरहरपुर में साइकिल वितरण कार्यक्रम एवं शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। वहीं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक एवं पुष्प देकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में पूरे आयोजन के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा।

मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष सोमन कावड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर कर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा, नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर तथा जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय आधुनिक शिक्षा, उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया, वहीं अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की।



## शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय कोण्डे में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल कोमरे ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय में चयनित छात्राओं को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना के तहत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। विधायक सावित्री मंडावी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हुए विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनेश नरेटी, विधायक प्रतिनिधि आनंद तेता, हुमन मरकाम, ग्राम पंचायत कोण्डे के सरपंच प्रेम सिंह पुड़ो सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बूथ सशक्तीकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठक मंगलवार को दुर्गूकोंदल में जिला अध्यक्ष रुक्मणी उयके के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तीकरण, महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र हितग्राही तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने सेवा, समर्पण और सुशासन के संकल्प के साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है और महिला मोर्चा समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन ही शक्ति है, सेवा ही हमारा संकल्प है केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशैली है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने तथा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिरो कोमरे ने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ सतत संवाद बनाए रखते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुमित्रा दुग्गा, सरपंच शकुंतला नरेटी, मंडल महामंत्री संगीता नेताम, नरमिता नाग, पुष्पा बाई, जिला महामंत्री जयना तारम, संतोषी सिन्हा, मंडल महिला मोर्चा प्रभारी शकुंतला उयके, रामचंद्र कल्लो, विजय पटेल, राजू विकास नायक, अशोक जैन, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी विनोद उयका, तुकाराम पटेल, हलाल राम विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निःशुल्क साइकिल का किया गया वितरण

# शाउमावि आमाकड़ा में प्रवेश उत्सव पर छात्र-छात्राओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

शाउमावि आमाकड़ा में प्रवेश उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं के स्वागत, निःशुल्क साइकिल वितरण और पौधरोपण जैसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यालय में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद शासन की योजना के तहत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।



साइकिल मिलने से छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी ने हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, विद्यालय के नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ भी दिलाई गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा को जीवन की सफलता का आधार बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रिका कैलाश नेताम, जनपद सदस्य सुलोचना सोमदेव कोरेटी, प्राचार्य राजेंद्र कुमार आवड़े, शाला विकास समिति अध्यक्ष रामरतन नेताम, उपसरपंच मुकेश दर्रो तथा भाजपा किसान मोर्चा मंडल के उपाध्यक्ष एवं कैलाश नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

